RAF SECTOR
NEWS CLIP
31/01/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan ,Aligarh (UP)

दिन निकलते ही फोर्स तैनात

अलीगढ़। भारत बंद के समर्थन को देखते हुए पुलिस प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह से अलर्ट रहा। दिन निकलते ही पुलिस फोर्स ने संवेदनशील इलाकों के साथ ही प्रमुख बाजारों और चौराहों पर मोर्चा संभाल लिया। ऊपरकोर्ट में पुलिस संग पीएसी की तैनाती की गई वहीं शाहजमाल व देहलीगेट क्षेत्र में बड़ी तादात में आरएएफ, आरआरएफ, पीएसी संग महिला पुलिस को तैनात किया गया। सभी प्रमुख चौराहों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट संग पुलिस अफसर मय फोर्स के तैनात रहे। एडीएम सिटी राकेश मालपाणि, एसपी सिटी अभिषेक कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विनीत कुमार सिंह, सीओ सिटी प्रथम विशाल पांडेय, एसीएम द्वितीय रंजीत सिंह, सीओ सिटी तृतीय अनिल समानिया, सीओ द्वितीय प्रशांत सिंह समेत दर्जन भर से अधिक प्रशासन व पुलिस के अफसर शहर में भ्रमण करके हालात का जायजा लेते रहे।

Hindustan ,Aligarh (UP)

बुधवार को ईदगाह के बाहर सीएए, एनआरसी के विरोध में चल रहे प्रदर्शन के दौरान तैनात आरएएफ। ● हिन्दुस्तान

Amarujala prayagraj (UP)

आरएएफ मांटेसरी स्कूल में सरस्वती पूजन

प्रयागराज। 101 द्रुत बल वाहिनी (आरएएफ) मांटेसरी स्कूल में बृहस्पतिवार को सरस्वती पूजन कर बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में वाहिनी की कावा अध्यक्ष सुनीता निगम ने पूजन-अर्चन के बाद बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहाकि मां सरस्वती ज्ञान की देवी हैं और ज्ञान ही शक्ति है। उन्होंने वसंत पंचमी के महत्व के बारे में जानकारी दी।

Freedom fighters, Lohardaga (JKD)

आपसी सौहार्द बनायें लोग, नहीं होगी हिंसा, गारंटी हमारी : आरपीएफ उप कमांडेट

लोहरदगा : रैपिड एक्शन फोर्स 106 बटालियन जमशेदपुर झारखण्ड के जवानो द्वारा राकेश कुमार उप कमांडेट समवाय अधकारी सी 106 बटा की अध्यक्षता में टाउन थाना क्षेत्र में फ्लेग मार्च किया गया। दो पक्षों के बीच हुए साम्प्रदायिक दंगे को लेकर शहर में प्रशसनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च शहर के सभी प्रमुख इलाके से गुजरा। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। द्वितीय कमान अधिकारी 106 बटा दुत कार्य वल राकेश कुमार उप कमांडेट और अमरकांत कुमार सहा कमा सी 106 बटा दुत कार्य बल समेत अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ भारी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों में पैदल मार्च किया। फ्लैग मार्च लोहरदगा थाना से शुरू हुआ। अमला टोली, मेनका सिनेमा हील, पावर गंज चौक, बरवा टोली चौक, थाना चौक, मस्जिद अजय उधान, गौस नगर, निधि काम्प्लेक्स बरवाडीह होते हुए शहर के सभी प्रमुख मार्गो गलियों और बाजारों से गुजरा। सी 106 बटा रैपिड एक्शन फोर्स तथा अन्य बलों के टुकडी के द्वारा किये जा हरे लगातार फ्लैग मार्च से शहर के सभी इलाको में पूर्ण रूप से शांति व्यवस्था कायम हुई है। और यहां के नागरिकों में दुत कार्यबल और पुलिस बल के प्रति विश्वास कायम हुआ है। तथा अराजक तत्वों में भय, दहसत का माहोल स्थापित हुआ है। जिसके कारण शहर में नागरिकों का जन - जीवन सामान्य हुआ है। प्रशासन दुत कार्य बल द्वारा शहर में नागरिकों यह बताया गया की वे सोशल मिडिया वाहट्सएप, फेसबुक, ट्विटर पर किसी प्रकार साम्प्रदायिक, जातीय, धार्मिक विधि-व्यवस्था को भड़काने वाले पोस्ट को शेयर या फारवर्ड नहीं करें इससें विधि व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति उत्पन होती है। पदाधिकारीयों के द्वारा लोगों से अपील की गयी कि शान्ति पूर्वक दुकानों से अपनी रोजमर्रा की जरूरतों का सामान ले सकते हैं। लेकिन, किसी भी स्थान पर नागरिक इक्कठा न हों। शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखें, हम आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं, किसी के बहकावों मे ना आयें और न ही किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान दें।

Dainik Bhaskar, Jamshedpur (JKD)

रैफ: परिवर्तन प्रशिक्षण में पांच बटालियन के 211 जवान हुए शामिल

दंगा निरोधक हथियार के प्रयोग की दी जानकारी

सिटी रिपोर्टर • जमशेदपुर

सुंदरनगर स्थित रैफ 106वीं बटालियन में 5 बटालियन के जवानों को परिवर्तन प्रशिक्षण के तहत ड्यूटी के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया। इसमें जवानों को आगे आने वाली नई चुनौतियों का सामना कर सकें। दंगों से निपटने के लिए दंगा नियंत्रण ड्रिल, रैफ के दंगा निरोधक विभिन्न प्रकार के हथियार, न्यूनतम बल प्रयोग का सिद्धांत, धैर्य, मानवाधिकार विधि व वज्र वाहन, वरुण वाहन (वाटर कैनन), फायर टेंडर, विशेष इक्विपमेंट, विभिन्न प्रकार के अश्रुगैस, हथगोलों की जानकारी दी गई। जवानों को प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। तीन जनवरी से शुरू प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हो गया। समापन की घोषणा रैफ 106वीं बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह ने की। मौके पर रैफ के 106वीं बटालियन के उप कमांडेंट अनामी शरण व अन्य थे।

प्रशिक्षण में मौजूद जवान व अधिकारी

Scanned with

Hindustan prayagraj (UP)

आरएएफ कैंप में वसंत पंचमी की रही धूम

फाफामऊ। शांतिपुरम फाफामऊ स्थित आरएएफ 101 बटालियन कैंप में स्थित मांटेसरी स्कूल में वसंत पंचमी धूमधाम से मनाया गया। वाहिनी की कावा अध्यक्ष सुनीता निगम ने मां सरस्वती की पूजा करने के बाद बच्चों को वसंत पंचमी के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया।

Prabhat Khabar, Lohardaga (JKD)

फ्लैग मार्च में शामिल महिला बटालियन.

फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था बनाने की अपील

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF



सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।